उत्तराखण्ड शासन
शहरी विकास अनुभाग–02
संख्या– 1685 (1)/IV(2)-श0वि0–2024–19(सा0)18
देहरादून, दिनांकः 27 सितम्बर, 2024

अधिसूचना संख्या– 1685 (1)/ IV(2)-श0वि0–2024–19(सा0)18, दिनांक 27 सितम्बर, 2024 द्वारा प्रख्यापित "उत्तराखण्ड व्यावसायिक डेयरी परिसर अनुज्ञाकरण नियमावली, 2024" की प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड को राज्यपाल महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2– आयुक्त, गढ़वाल/कुमाँयू मण्डल, उत्तराखण्ड।
3– निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड शासन को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त अधिसूचना को ऐसे दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करने का कष्ट करें, जिनका प्रसार राज्य में व्यापक रूप से होता हो।
4– निदेशक, शहरी विकास निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।
5– समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
6– नगर आयुक्त, समस्त नगर निगम, उत्तराखण्ड।
7– वरिष्ठ प्रमुख निजी सचिव–मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन को मुख्य सचिव महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
8– वरिष्ठ निजी सचिव–मा0 शहरी विकास मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार को मा0 मंत्री जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
9– संयुक्त निदेशक, पशु कल्याण बोर्ड/सदस्य सचिव, प्रा0श्वा0प0ब0अनु0समित, पशुधन भवन देहरादून उत्तराखण्ड।
10– संयुक्त निदेशक, मुद्रण एवं लेखा सामग्री, राजकीय मुद्रणालय, रूड़की को इस आशय से प्रेषित कि वे उक्त अधिसूचना को अपने असाधारण गजट के अग्रिम अंक में विधायी परिशिष्ट में प्रकाशित कर गजट की 150 मुद्रित प्रतियां निदेशक, शहरी विकास निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून तथा शहरी विकास अनुभाग–2, उत्तराखण्ड शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
11– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(नितिन सिंह भदोरिया)
अपर सचिव।

उत्तराखण्ड शासन
शहरी विकास अनुभाग–2
संख्याः-1686/ IV(2)–श0वि0–2024–19(सा0)18
देहरादून, दिनांकः27 सितम्बर, 2024

अधिसूचना

राज्यपाल, उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 की धारा 540 की उपधारा (1) सपठित धारा 453 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित कतिपय प्रारूप नियम बनाने का प्रस्ताव करते हैं, जिसको उक्त अधिनियम की धारा 540 की उपधारा (2) द्वारा यथा अपेक्षित इसके द्वारा प्रभावित होने की संभावना वाले सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है और एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है कि प्रारूप नियमों को उस तारीख से 30 दिन की अवधि समाप्त होने के बाद विचारार्थ स्वीकार कर लिया जायेगा, जब सरकारी राजपत्र में यथा प्रकाशित अधिसूचना की प्रतियाँ जनता के लिए उपलब्ध करायी जाती है;

इन प्रारूप नियमों से संबंधित आपत्ति एवं सुझाव, यदि कोई हो, सचिव, शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, सुभाष रोड़, देहरादून, उत्तराखण्ड को प्रेषित किये जा सकेंगे;

विनिर्दिष्ट अवधि समाप्त होने से पूर्व उक्त प्रारूप नियमों के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति से प्राप्त होने वाले आपत्तियों या सुझावों पर राज्य सरकार द्वारा विचार किया जायेगा।

प्रारूप नियमावली

संक्षिप्त नाम विस्तार और प्रारम्भ

1. (1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम 'उत्तराखण्ड व्यावसायिक डेयरी परिसर अनुज्ञाकरण नियमावली, 2024' है।

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण उत्तराखण्ड राज्य के समस्त नगर निगम क्षेत्रों पर होगा।

(3) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

परिभाषाएं

2. जब तक कि सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, इस नियमावली में–

(क) "डेयरी पशु" से दुधारु पशु, जिनमें गाय, बैल, बछिया, भैंस, भैंसा एवं उनके बछड़े/बछड़ियॉ सम्मिलित हैं, अभिप्रेत है;

(ख) "अलाभकर पशु" से अनुत्पादक, वृद्ध, बीमार एवं घायल निराश्रित गोवंश तथा पुलिस–प्रशासन/नगर निकाय द्वारा पशु तस्करों अथवा पशु क्रूरता के प्रकरणों में जब्त किये गये केस प्रॉपर्टी गोवंश अभिप्रेत है;

(ग) "व्यावसायिक डेयरी परिसर" से ऐसे परिसर अभिप्रेत हैं, जहां 10 से अधिक डेयरी पशुओं को व्यावसायिक उद्देश्य से लाभ हेतु रखा गया हो;

(घ) "पशु चिकित्सक" से भारतीय पशु चिकित्सा परिषद् (Veterinary Council of India) से मान्यता प्राप्त महाविद्यालय से पशु चिकित्सा विज्ञान में स्नातक उपाधि धारक तथा उत्तराखण्ड पशु चिकित्सा परिषद् (Uttarakhand Veterinary Council) के अन्तर्गत पंजीकृत पशु चिकित्साविद् अभिप्रेत है;

(ङ) "नगर निगम पशु चिकित्सक" से नगर निगम में पूर्णकालिक अथवा

अंशकालिक अथवा प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त अथवा सम्बद्धीकृत अथवा अतिरिक्त प्रभार पर अथवा संविदा पर नियुक्त पशु चिकित्सक अभिप्रेत है;

(च) "क्षेत्रीय पशु चिकित्सा अधिकारी" से उत्तराखण्ड पशुपालन विभाग द्वारा किसी क्षेत्र में नियुक्त किया गया पशु चिकित्साविद् अभिप्रेत है;

(छ) "जिला एस0पी0सी0ए0" से पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम, 1960 के अन्तर्गत प्रख्यापित एस0पी0सी0ए0 नियमावली, 2001 के तहत, सम्बन्धित जिले के जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिलास्तरीय पशु क्रूरता निवारण समिति (डिस्ट्रिक्ट सोसाइटी फॉर प्रिवेन्सन ऑफ क्रूएलिटी टू एनिमल्स) अभिप्रेत है;

(ज) "व्यावसायिक डेयरी पशु स्वामी" से ऐसे पशुस्वामी अभिप्रेत है, जिसके द्वारा 10 से अधिक डेयरी पशुओं को व्यावसायिक उद्देश्य से लाभ हेतु रखा गया हो।

(झ) "डेयरी पशु स्वामी" से ऐसे पशु स्वामी अभिप्रेत है, जिसके द्वारा 10 या 10 से कम डेयरी पशुओं को व्यावसायिक उद्देश्य से लाभ हेतु रखा गया हो।

लागू होना

3. यह नियमावली नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत समस्त व्यावसायिक डेयरी परिसरों पर लागू होगी।

अनुज्ञा हेतु शर्तें

4. (1) व्यावसायिक डेयरी परिसर के अनुज्ञाकरण हेतु आवेदन से पूर्व, सम्बन्धित पशु स्वामी द्वारा अनिवार्य रुप से राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सहमति (consent to establish and consent to operate) लेते हुए इस अभिलेख की सत्यापित छायाप्रति सम्बन्धित नगर निकाय को जमा करायी जायेगी। सम्बन्धित पशु स्वामी द्वारा अनिवार्य रुप से केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा–निर्देशों का अनुपालन किया जायेगा।

(2) नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत व्यावसायिक डेयरी परिसर संचालित किये जाने हेतु, सम्बन्धित व्यावसायिक डेयरी स्वामी को, नगर निगम से परिशिष्ट–01 के अनुरुप निर्धारित शुल्क का भुगतान कर अनुज्ञप्ति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

(3) नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत व्यावसायिक डेयरी परिसर के संचालन हेतु अनुज्ञप्ति प्राप्त किये जाने हेतु आवेदक को नगर निगम के पक्ष में नगर निगम बोर्ड द्वारा निर्धारित आवेदन शुल्क के साथ, प्ररूप–1 के अनुरुप निर्धारित आवेदन पत्र के माध्यम से आवेदन करना होगा। आवेदक द्वारा जमा किया गया आवेदन शुल्क अप्रतिदेय (non refundable) होगा।

(4) नगर आयुक्त द्वारा, प्रत्येक आवेदन प्रकरण में नगर निगम पशु चिकित्सक के नेतृत्व में निरीक्षण दल गठित कर व्यावसायिक डेयरी परिसर का स्थलीय निरीक्षण कराया जायेगा। निरीक्षण दल द्वारा प्ररूप–2 पर स्थलीय निरीक्षण आख्या प्रस्तुत की जायेगी।

(5) नगर आयुक्त द्वारा, निरीक्षण दल की प्ररूप–2 पर प्रस्तुत स्थलीय निरीक्षण आख्या के आधार पर सम्बन्धित व्यावसायिक डेयरी परिसर को अनुज्ञप्ति प्रदत्त किये जाने के क्रम में निर्णय लिया जायेगा। अनुज्ञा दिये जाने हेतु उपयुक्तता की स्थिति में, व्यावसायिक डेयरी परिसर में वयस्क पशुओं की अधिकतम अनुमन्य संख्या उल्लिखित

करते हुए प्ररूप–3 के अनुरुप अनुज्ञप्ति निर्गत की जायेगी।

(6) अनुज्ञाधारी व्यावसायिक डेयरी परिसर का स्वामी अनुज्ञप्ति के प्रतिबन्धों/शर्तों के अनुपालन हेतु बाध्य होगा।

(7) अनुज्ञाधारी व्यावसायिक डेयरी परिसर के स्वामी द्वारा स्वयं के डेयरी परिसर में मुख्य दीवार पर अनुज्ञापत्र प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।

(8) नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत समय–समय पर अथवा वर्ष में एक बार सभी व्यावसायिक डेयरी परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया जायेगा। अनुज्ञप्ति के प्रतिबन्धों/शर्तो का उल्लंघन पाये जाने पर अनुज्ञा–पत्र का तात्कालिक निलम्बन अथवा पूर्णतः निरस्तीकरण किया जा सकेगा तथा तद्नुरूप शास्ति अधिरोपित की जायेगी।

(9) नगर निगम द्वारा निर्गत अनुज्ञा पत्र 05 वर्ष की अवधि हेतु मान्य होगा एवं 01 से 10 वर्ष तक के पशुओं हेतु ₹ 1000/– प्रति पशु एवं 10 से 20 वर्ष तक के पशुओं हेतु ₹ 2000/– प्रति पशु पंजीकरण शुल्क व्यवसायिक डेयरी पशु स्वामी द्वारा देय होगा।

(10) अनुज्ञा दिये जाने हेतु अनुपयुक्तता की स्थिति में आवेदन के एक माह के भीतर सम्बन्धित प्रकरण के अस्वीकृति की सूचना निर्गत कर दी जायेगी।

(11) नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत बिना अनुज्ञप्ति के व्यावसायिक डेयरी परिसर संचालित किये जाने की दशा में नगर आयुक्त द्वारा, सम्बन्धित पशु स्वामी पर परिशिष्ट–01 के अनुरुप, शमन के माध्यम से निर्धारित अर्थदण्ड आरोपित कर अर्थदण्ड की वसूली की जा सकेगी।

अनुज्ञप्ति का पुनर्नवीनीकरण

5. सम्बन्धित व्यावसायिक डेयरी पशु स्वामी द्वारा अनुज्ञा पत्र की समाप्ति की तिथि से कम से कम एक माह पूर्व, अनुज्ञा पत्र के पुनर्नवीनीकरण हेतु परिशिष्ट–01 के अनुरुप निर्धारित शुल्क के साथ प्ररूप–1 के अनुरुप निर्धारित आवेदन पत्र के माध्यम से नगर आयुक्त को आवेदन करना होगा।

ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन (Solid Waste Management)

6. सम्बन्धित व्यावसायिक डेयरी पशु स्वामी द्वारा परिसर अन्तर्गत नियमित अन्तराल पर ठोस अपशिष्ट (गोबर, बिछावन घास इत्यादि) को नियमित अन्तराल पर एकत्रित किया जायेगा। एकत्रित किये गये ठोस अपशिष्ट को कम्पोस्ट खाद अथवा कर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार किये जाने अथवा बायोगैस संयंत्र अथवा कम्प्रैस्ड बायोगैस संयंत्र में उपयोग किये जाने अथवा उपले (गोकाष्ठ) के निर्माण हेतु उपयोग में लाया जायेगा। यह सुनिश्चित किया जायेगा कि, यह नालियों/नहरों/नदियों/तालाबों/झीलों/झरनों अथवा अन्य प्राकृतिक जल स्रोतों में निस्तारित न होने पाये। परिसर को दुर्गन्धमुक्त रखे जाने हेतु डेयरी परिसर के फर्श पर नियमित रुप से चूना अथवा किसी अन्य कीटाणुरोधी पदार्थ का नियमित रुप से छिड़काव किया जायेगा। व्यावसायिक डेयरी पशुस्वामी द्वारा ठोस अपशिष्ट का उचित प्रबन्धन सुनिश्चित किये जाने हेतु उचित संख्या में श्रमिक तथा संसाधन का नियोजन किया जायेगा।

अपशिष्ट जल प्रबन्धन (Waste water Management)

7. सम्बन्धित व्यावसायिक डेयरी पशु स्वामी द्वारा परिसर अन्तर्गत डेयरी पशुओं के पेयजल तथा सफाई इत्यादि पर जल का अपव्यय न किये जाने हेतु अधिकतम 150 लीटर प्रति पशु प्रति दिन जल का ही उपयोग सुनिश्चित किया जायेगा। व्यावसायिक डेयरी पशु स्वामी द्वारा, अपशिष्ट जल का राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों के अनुरुप उचित शोधन के उपरान्त ही निकासी की जायेगी तथा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि, डेयरी परिसर का अपशिष्ट जल भूमि के भीतर

जाकर भूजल स्रोतों को प्रदूषित न करने पाये। डेयरी परिसर स्वामी द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि, परिसर के अपशिष्ट जल के कारण फर्श फिसलन भरा न होने पाये।

वायु गुणवत्ता प्रबन्धन (Air Quality Management)

8. सम्बन्धित व्यावसायिक डेयरी पशु स्वामी द्वारा परिसर अन्तर्गत दुर्गन्ध की रोकथाम तथा आर्द्रता के नियंत्रण हेतु ताजी हवा के सुचारु आवागमन तथा सफाई की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। पशुओं की आवासीय व्यवस्था एवं रखरखाव हेतु भारतीय मानक ब्यूरो के मानदण्डों का अनुपालन किया जायेगा तथा डेयरी परिसर में वृक्षारोपण सुनिश्चित किया जायेगा। पशुपालन विभाग अथवा दुग्ध विकास विभाग अथवा राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड अथवा राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान अथवा कृषि विज्ञान केन्द्र के तकनीकी परामर्शानुरुप उचित पशु पोषण सुनिश्चित किया जायेगा।

समूहों में पृथक्करण

9. पशुशाला अन्तर्गत बड़ी संख्या में डेयरी पशु रखे जाने की स्थिति में पशुओं को लिंग, आयुवर्ग, उत्पादकता, गर्भावस्था, स्वास्थ्य स्थिति के अनुरुप पृथक–पृथक समूहों में रखा जायेगा। रोगी पशुओं को पृथक से रखा जायेगा।

मौसम से बचाव

10. (1) पशुओं को रखने के स्थान पर पशुओं को तेज धूप, गर्मी, सर्दी, बरसात, आंधी, धूल, ऊष्ण हवाओं, बर्फ तथा अन्य मौसमी कष्टों से बचाव हेतु उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

(2) पशुओं को रखने के स्थान पर पशुओं को अनावश्यक क्रूरता, घुटन (suffocation), सीलन (dampness) तथा क्षमता से अधिक रखे जाने (overcrowding) से बचाव हेतु परिशिष्ट–2 (BIS : 1223-1987) में वर्णित संदर्भ के अनुरुप वयस्क पशुओं हेतु न्यूनतम कवर्ड एरिया 40 वर्ग–फुट प्रति पशु तथा शिशु पशुओं हेतु न्यूनतम कवर्ड एरिया 10 वर्ग–फुट प्रति पशु फर्श स्थान उपलब्ध कराते हुए वायु के आवागमन (ventilation) एवं प्राकृतिक सूर्य के प्रकाश (natural sunlight) की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

बांधना

11. डेयरी पशुओं को लगातार बांध कर नहीं रखा जायेगा तथा रस्सी की लंबाई 3 मीटर से कम की नहीं होगी तथा उन्हें प्रतिदिन 2 से 4 घंटे तक व्यायाम/खुले में चलने के लिए छोड़ा जायेगा। पशुओं के व्यायाम/खुले में विचरण करने हेतु गौशाला हेतु प्रस्तावित कुल क्षेत्रफल का 1/3 भाग खुले स्थान के रूप में रखा जायेगा।

स्वतंत्र गतिविधि

12. पशुओं को रखने के स्थान को स्वतंत्र गतिविधियों के लिए उपयुक्त रखा जायेगा। (उदाहरण के लिए गलियारा इतना चौड़ा होना चाहिए ताकि दो पशु आसानी से बिना किसी बाधा के वहां से निकल सकें)

फर्श

13. (1) फर्श आराम से बैठने, खड़े रहने, संकर्षण तथा भूमि से पृथक्किरण के योग्य होगा।

(2) बैठने के स्थान पर बिछावन की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

(3) फर्श पूरी तरह सपाट, फिसलनभरा, कठोर अथवा अधिक खुरदुरा नहीं रखा जायेगा तथा कम से कम गीला रखा जायेगा।

पशुपालन प्रबन्धन (Animal Management)

14. पशुओं को कम तनाव के तरीकों से हांका जाय, जिसमें छड़ी के प्रयोग की बजाए उन्हें थपथपाया जाय। बिजली के अंकुश का प्रयोग नहीं किया जायेगा।

अंगभंग
(Mutilation)

15. अंगभंग की प्रक्रिया कम से कम होनी चाहिए। यदि दागना, नाक में छल्ला डालना, पूंछ काटना अथवा विश्रृंगीकरण (Dehorning) अथवा समस्यावश पशु की सींग निकालना अथवा बधिया करना आवश्यक हो तो वह पशु के यौवनावस्था (संकर नस्लवाले पशुओं हेतु लगभग 6 महीने की आयु में तथा भारतीय नस्ल के पशुओं हेतु 18 महीने की आयु) में ही अर्ह पशु चिकित्सक के माध्यम से यह प्रक्रियाऐं पूर्ण करायी जायें। इस क्रिया में पशु चिकित्सक द्वारा उचित मात्रा में उपशामक (Tranquillizers), स्थानीय निस्चेतक (Local Anaesthetics) तथा दर्दनिवारक (Analgesics) औषधियों का उपयोग करते हुए पशुओं को अनावश्यक पीड़ा से बचाया जायेगा।

दूध दुहना

16. (1) दूध निकालते समय पूरा ध्यान रखा जायेगा कि डेयरी पशु को अनावश्यक कष्ट न पहुंचे तथा उसके थनों एवं दुग्ध को किसी प्रकार के संक्रमण अथवा क्षति से बचाया जाये।

(2) थनों को अनावश्यक पीड़ा एवं क्षति से बचाये जाने हेतु दूध दुहने में 'अंगूठे से दुग्ध दोहन विधि (Knuckling Method)" के स्थान पर "पूरे हाथ से दुग्ध दोहन विधि (Full Hand Method)" का प्रयोग किया जायेगा।

बाहरी हार्मोन्स का प्रयोग

17. (1) दूध निकाले जाने हेतु ऑक्सीटोसिन हार्मोन अथवा कोई भी अन्य रसायन का प्रयोग निषिद्ध होगा। ऑक्सीटोसिन हार्मोन का उपयोग अवैध तथा दण्डनीय अपराध है।

(2) चिकित्सकीय प्रयोजन हेतु अर्ह पशु चिकित्सक के लिखित नुस्खे के अंतर्गत ही हॉर्मोन का प्रयोग विधिमान्य है।

आहार

18. डेयरी पशुओं को उनकी शारीरिक आवश्यकता के अनुरुप पर्याप्त मात्रा में संतुलित एवं पौष्टिक भोजन दिया जायेगा। भोजन में उचित अनुपात में प्रोटीन्स, कार्बोहाइड्रेट्स, फैट्स, विटामिन्स, मिनरल्स, तथा रेशे की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। आहार में अचानक परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

पेयजल व्यवस्था

19. डेयरी पशुओं को भरपूर मात्रा में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु उनकी मांद में पर्याप्त स्थान रखा जायेगा।

देखभाल करने वाले कर्मचारी

20. पशुओं की देखभाल करने हेतु पर्याप्त संख्या में ऐसे निपुण श्रमिकों को नियोजित किया जाय जो कि डेयरी पशुओं का भली प्रकार ध्यान रख पाने में समर्थ हों तथा इन पशुओं के झुंड को तनाव तथा भय मुक्त रखने में अभ्यस्त हों।

स्वास्थ्य की देखभाल (Animal Health Care) -

पशु चिकित्सक

21. व्यावसायिक डेयरी प्रतिष्ठान द्वारा पशुओं के स्वास्थ्य की जांच, गर्भावस्था निदान, टीकाकरण, कृमिनाशक दवापान (Deworming), बाह्य–परजीवीनाशी दवाओं, टीकाकरण, महामारी रोकथाम, रोगनिदान तथा अन्य चिकित्सकीय प्रयोजन हेतु नियमित रुप से अर्ह पशु चिकित्सक से सेवायें सुनिश्चित की जायेंगी। पशुओं में महामारी फैलने की प्रभावी रोकथाम हेतु पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड की नीतियों के अनुरुप टीकाकरण कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

डेयरी पशुओं का दैनिक निरीक्षण

22. डेयरी स्वामी द्वारा पशु समूह का प्रतिदिन, किसी प्रकार की बीमारी, चोट, लंगड़ाहट, मुद्रा में परिवर्तन, चाल में परिवर्तन, भूख–प्यास में कमी, गोबर अथवा मूत्र में परिवर्तन, दूध में रक्त अथवा अन्य स्राव, खुरों की अनियमित वृद्धि, पेट फूलना, नथुनों का सूखना, घुटन अथवा जीभ बाहर निकालना, जुगाली न करना, नाक, आँख अथवा कान से स्राव, मुंह मे झाग आना अथवा आवाज में परिवर्तन अथवा दुबलापन या मोटापे जैसे लक्षणों का भली प्रकार से निरीक्षण किया जायेगा जिससे पशु चिकित्सक द्वारा समय पर उपचार किया जा सके।

कान की टैगिंग

23. पशुपालन विभाग के सहयोग से शहर के सभी मवेशियों की पहचान, स्वास्थ्य की स्थिति, टीकाकरण एवं अन्य सूचनाओं का संदर्भ रखे जाने हेतु कान पर टैगिंग (अथवा अन्य उन्नत तकनीक युक्त पहचान चिन्ह) अनिवार्य होगी।

बीमार पशु को अलग रखना

24. बीमार पशुओं के आहार, पेयजल, तथा दूध दुहने की पृथक से व्यवस्था बनाते हुए अन्य स्वस्थ पशुओं से अलग रखा जायेगा।

लेखाजोखा (रिकॉर्ड) रखना

25. व्यावसायिक डेयरी प्रतिष्ठान को अनुज्ञा–पत्र प्राप्त करने के बाद, व्यावसायिक डेयरी पशु स्वामी द्वारा विहित प्रपत्रों में निम्नलिखित लेखाजोखा रखा जायेगा :–

(क) विहित प्रपत्र के अनुरुप रखे गये सभी पशुओं का विवरण।
(ख) पशुओं का पशुचिकित्सा स्वास्थ्य का विवरण।
(ग) पशुओं के टीकाकरण/टॉक्साइड/सर्पदंश एण्टीवैनम का विवरण।
(घ) कृमिरोधी दवापान का विवरण।
(ङ) पशुओं का गर्भाधान/नस्ल का विवरण।
(च) पशुओं के क्रय–विक्रय का विवरण।

लिंग निर्धारित वीर्य द्वारा कृत्रिम गर्भाधान (Artificial Insemination by Sex Sorted Semen)–

26. पशुपालन मंत्रालय, भारत सरकार और उत्तराखण्ड पशुपालन विभाग ने लिंग निर्धारित वीर्य के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान की नवीनतम तकनीक शुरू की है, जो 90% से अधिक मामलों में मादा बछड़ों का जन्म सुनिश्चित करती हैं। डेयरी स्वामियों द्वारा नर गोवंश के बछड़ों के परित्याग की कुरीति पर प्रभावी रोक लगाये जाने हेतु नगर क्षेत्र के डेयरी स्वामी द्वारा मादा गोवंशीय पशुओं को अनिवार्य रुप से लिंग निर्धारित वीर्य द्वारा कृत्रिम गर्भाधान तकनीक से गर्भाधान कराया जायेगा। कृत्रिम गर्भाधान के तीन माह के उपरान्त गर्भावस्था का परीक्षण योग्य पशु चिकित्सक द्वारा किया जाना चाहिए।

नस्ल का चुनाव

27. स्थानीय कृषि–जलवायु परिस्थिति के साथ सामंजस्य वाले मौसम के अनुकूल, परजीवियों तथा बीमारियों के प्रति प्रतिरोधी तथा दीर्घायु नस्ल वाले डेयरी पशुओं का चुनाव किया जाय। बहुधा अवांछित नर बछड़ों के परित्याग कर दिये जाने की अवैध परम्परा के निवारण हेतु यथासम्भव गर्भाधान लैंगिक वीर्य (sexed semen) के माध्यम से एवं नस्ल के अनुसार कराया जाय तथा उन्हें स्वस्थ रखा जाए। गर्भाधान के 03 माह उपरान्त ही, अर्ह पशु चिकित्सक से गर्भावस्था का परीक्षण कराया जाय।

स्तन्य त्याग (Weaning)

28. कम से कम तीन महीने तक नवजात शिशु पशुओं को उनकी मां के साथ रखते हुए धीरे–धीरे स्तन त्याग किया जायेगा।

नवदुग्ध (Colostrum)

29. जन्म के तुरंत बाद माता द्वारा अपने बछड़े को चाटने का समुचित अवसर प्रदान करते हुए बछड़े को जन्म के 1–2 घंटे के भीतर ही नवदुग्ध (खीस) दिया जाये। यदि बछड़े की मां की मृत्यु हो गयी हो या उसका नवदुग्ध (खीस) अल्प मात्रा में हो रहा हो तो बछड़े को अन्य माता द्वारा या कृत्रिम रूप से नवदुग्ध (खीस) दिया जाए।

बछड़ों को रखना

30. बछड़ों को उनकी मां के साथ स्वच्छ तथा सूखी जगह बिछावन पर रखा जाय। यदि उन्हें उनकी माताओं से अलग किया जाता है तो उन्हें अन्य पशुओं के आसपास रखना चाहिए अधिमानतः जोड़े में या छोटे समूहों में।

नर बछडों का बन्ध्यकरण

31. नगर क्षेत्र के डेयरी स्वामी द्वारा अनिवार्य रुप से 4 माह से अधिक आयु वाले नर बछड़ों का बन्ध्याकरण कराया जायेगा। 4–5 माह के नर बछड़ों को नसबंदी के उपरान्त रू0 500 प्रति पशु की दर से सरकारी/गैर सरकारी गौशालाओं को भेज दिया जाए।

अलाभकर पशु हेतु–मानवोचित वैधानिक व्यवस्था

32. (1) प्रत्येक व्यावसायिक डेयरी परिसर के स्वामी द्वारा अलाभकारी अनुत्पादक पशुओं को एक मानवोचित वैधानिक व्यवस्था के अनुरुप स्थानीय गैर–सरकारी पशु कल्याण संस्थाओं/गोसदनों/पशु शरणालयों के सहयोग एवं समन्वय से निस्तारित किया जाय। नगर निकायों द्वारा इन गौवंश शरणालयों/कांजी हाउस का संचालन स्वयं के संसाधनों से अथवा शुल्क अधिरोपित कर अथवा अर्थदण्ड से अर्जित आय के माध्यम से अथवा जनसहयोग के माध्यम से अथवा गैर सरकारी पशु कल्याण संस्थाओं के माध्यम से अथवा अन्य रीतियों से किया जाना अपेक्षित है।

(2) डेयरी पशु स्वामी अथवा व्यावसायिक डेयरी पशु स्वामी द्वारा किसी भी डेयरी पशुओं को त्यागना अथवा आवारा छोड़ना अवैध तथा दण्डनीय अपराध है। इस क्रम में दोषी पाये जाने पर, नगर आयुक्त अपराध का शमन तथा परिशिष्ट–01 के अनुरुप विहित अर्थदण्ड अधिरोपित करने के लिए अधिकृत है।

(3) किसी भी पशु को जान से मारना, शिशु पशुओं को भूखा रख कर जान से मारना या त्यागना या धूप में बांध कर प्यासा मारना अवैध तथा दण्डनीय अपराध है।

अपशिष्ट प्रबन्धन एवं गोबर का निस्तारण

33. प्रत्येक व्यावसायिक डेयरी परिसर के स्वामी द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि, गोबर, बिछावन, भूसा तथा गोमूत्र का निस्तारण न तो नालियों में किया जायेगा, न ही इसे नहरों, नदियों, तालाबों प्राकृतिक जलस्रोतों में निस्तारित किया जायेगा और न ही इसे जलाया जायेगा। अपितु इस कार्य हेतु परिशिष्ट–01 के अनुरुप निर्धारित शुल्क का भुगतान कर, गोबर का निस्तारण किया जायेगा।

स्वच्छता एवं दुर्गन्ध प्रबन्धन

34. प्रत्येक व्यावसायिक डेयरी परिसर के स्वामी द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि, परिसर पूर्णतः स्वच्छ एवं दुर्गन्धविहीन रहे। चूहों, मक्खियों एवं मच्छरों के नियंत्रण हेतु नियमित रुप से प्रयास किये जायेंगे।

डेयरी परिसरों का नगरीय क्षेत्रों से बाहर विस्थापन

35. नगर निगम बोर्ड द्वारा डेयरी परिसरों को नगरीय क्षेत्रों से बाहर विस्थापित किये जाने का निर्णय लिये जाने पर प्रत्येक अनुज्ञाधारी व्यावसायिक डेयरी परिसर के स्वामी द्वारा सहयोग किया जायेगा।

मृत पशुओं का निस्तारण

36. डेयरी पशुओं की मृत्यु की दशा में सम्बन्धित पशु स्वामी द्वारा परिशिष्ट–01 के अनुरुप निर्धारित शुल्क का भुगतान कर, शव का निस्तारण नगर निगम द्वारा निर्धारित प्रक्रिया/दिशा–निर्देशों के अनुरुप सुनिश्चित किया जायेगा।

परित्यक्त आवारा गोवंश का प्रबन्धन

37. सम्बन्धित नगर निगम द्वारा इस नियमावली के अधीन विभिन्न प्रकार के शुल्क एवं अर्थदण्ड से अर्जित आय का उपयोग नगर क्षेत्र के परित्यक्त आवारा गोवंश के प्रबन्धन हेतु स्थापित कांजी हाउस/गौशाला शरणालय के प्रबन्धन हेतु किया जा सकेगा। इस क्रम में नगर निगम द्वारा समय–समय पर शुल्क/अर्थदण्ड की दरों का पुनर्निधारण किया जा सकेगा। नगर निगम द्वारा कांजी हाउस/गौशाला शरणालय के प्रबन्धन हेतु स्वयं के संसाधनों से अथवा विभिन्न गैरसरकारी पशु कल्याण संस्थाओं/धर्मार्थ संस्थाओं/दानदाताओं का सहयोग लिया जा सकेगा।

नियमावली के प्रावधानों का उल्लंघन की दशा में दण्ड

38. डेयरी पशु स्वामी अथवा व्यावसायिक डेयरी पशुस्वामी द्वारा इस नियमावली के तहत प्रावधानित कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन किये जाने पर, नगर आयुक्त परिशिष्ट–01 के अनुरुप निर्धारित अर्थदण्ड की वसूली कर सकेगा। पशु हत्या अथवा पशु को मृत्युंकारी रुप से घायल किये जाने की दशा में पृथक से कानूनी कार्यवाही भी की जा सकेगी। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले व्यावसायिक डेयरी स्वामियों के विरुद्ध पर्यावरण संरक्षण सम्बन्धी कानूनों के अनुरुप कार्यवाही की जा सकती है।

नगर निकायों द्वारा व्यावसायिक डेयरी परिसरों का अनुश्रवण

39. नगर निकायों द्वारा परिशिष्ट–03 (केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित Annexure-A) के अनुरुप व्यावसायिक डेयरी परिसर से सम्बन्धित सूचनाओं का अभिलेखीकरण करते हुए, वार्षिक रुप से सूचनाओं को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से साझा किया जायेगा। नगर निकायों द्वारा यथासम्भव ऑन लाइन रीति से समस्त व्यावसायिक डेयरी परिसरों का पंजीकरण किया जायेगा। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा नगर निकायों द्वारा समस्त व्यावसायिक डेयरी स्वामियों तथा कार्मिकों को अपशिष्ट प्रबन्धन तथा प्रदूषण नियंत्रण सम्बन्धी तकनीकी विषयों पर प्रशिक्षण दिया जायेगा।

(नितिन सिंह भदौरिया)
अपर सचिव।

प्ररुप '1'

व्यावसायिक डेयरी परिसर के संचालन हेतु अनुज्ञा के क्रम में आवेदन हेतु प्रपत्र

सेवामें,

नगर आयुक्त,
नगर निगम .....।

महोदय,

निवेदन है कि, मेरे (नाम) ..... पुत्र श्री ..... आयु .....निवासी ..... डाकघर ..... पुलिस थाना ..... जिला ..... द्वारा स्वयं के स्वामित्वाधीन अधोवर्णित व्यावसायिक डेयरी परिसर के संचालन हेतु उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सहमति (consent to operate) ले ली गयी है। तदनुसार अभिलेख की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत है। मैं व्यावसायिक डेयरी परिसर के संचालन हेतु केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मार्गदर्शिका के अनुपालन हेतु कृत संकल्पित हूँ। नगर निकाय द्वारा व्यावसायिक डेयरी परिसर हेतु अनुज्ञा–पत्र निर्गत किये जाने के क्रम में निम्नानुसार आवेदन प्रस्तुत है :–

क) व्यावसायिक डेयरी परिसर में रखे गये पशुओं का विवरण :

प्रजाति/नस्ल	लिंग	रंग	पूंछ	आयु	ब्यांत (गर्भधारित)	सींग	टैग नं0

ख) व्यावसायिक डेयरी परिसर में रखे गये पशुओं हेतु स्थान :

(i) छत से ढका क्षेत्रफल (covered area) :

(ii) खुला क्षेत्रफल (open area) :

ग) आवासीय व्यवस्था :

(i) फर्श का प्रकार (floor type) :

(ii) प्राकृतिक प्रकाश एवं हवादार वायुप्रवाह (natural light and ventilation):

(iii) पशुओं को बांधकर रखे जाने की स्थिति में रस्सी की लम्बाई :

(iv) रोगी पशुओं को अलग से रखे जाने की व्यवस्था :

घ) परामर्शदाता पशुचिकित्सक का नाम/पता/दूरभाष सख्या :

ङ) गोबर/मूत्र के निस्तारण हेतु व्यवस्था :

च) अलाभकर/अनुत्पादक/वृद्ध पशुओं के निस्तारण हेतु व्यवस्था :

मैं ''उत्तराखण्ड व्यावसायिक डेयरी परिसर अनुज्ञाकरण नियमावली, 2024'' के समस्त प्रावधानों के अनुपालन हेतु कृत संकल्पित हूँ। अतः अनुरोध है कि, अधोहस्ताक्षरी को व्यावसायिक डेयरी परिसर के संचालन हेतु अनुज्ञा–पत्र निर्गत करने की कृपा करेंगे।

आवेदक के हस्ताक्षर :

आवेदन दिनांक :

दूरभाष संख्या :

नगर निगम कार्यालय में प्राप्ति दिनांक मुहर :

प्ररुप '2'

व्यावसायिक डेयरी परिसर के स्थलीय निरीक्षण हेतु प्रपत्र

व्यावसायिक डेयरी परिसर स्वामी का नाम :

पिता का नाम :

पता :

निरीक्षण बिन्दु — जॉच दल की आख्या

I– **पशुओं को रखने का स्थान (हाउसिंग)**

1. **समूहों में पृथक्करण** – पशुशाला अन्तर्गत बड़ी संख्या में डेयरी पशु रखे जाने की स्थिति में इन पशुओं को लिंग, आयुवर्ग, उत्पादकता, गर्भावस्था, स्वास्थ्य स्थिति के अनुरुप पृथक–पृथक समूहों में रखा जायेगा। रोगी पशुओं को पृथक से रखा जायेगा।

2. **मौसम से बचाव** –

(क) पशुओं को रखने के स्थान पर पशुओं को तेज धूप, गर्मी, सर्दी, बरसात, आंधी, धूल, ऊष्ण हवाओं, बर्फ तथा अन्य मौसमी कष्टों से बचाव हेतु उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

(ख) पशुओं को रखने के स्थान पर पशुओं को अनावश्यक क्रूरता, घुटन (suffocation), सीलन (dampness) तथा क्षमता से अधिक रखे जाने (overcrowding) से बचाव हेतु तालिका 1 (*BIS : 1223-1987*) में वर्णित संदर्भ के अनुरुप वयस्क पशुओं हेतु न्यूनतम कवर्ड एरिया 40 वर्ग फुट प्रति पशु तथा शिशु पशुओं हेतु न्यूनतम कवर्ड एरिया 10 वर्ग फुट प्रति पशु फर्श स्थान उपलब्ध कराते हुए वायु के आवागमन (ventilation) एवं प्राकृतिक सूर्य के प्रकाश (natural sunlight) की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

3. **बांधना** – डेयरी पशुओं को लगातार बांध कर नहीं रखा जायेगा तथा रस्सी की लंबाई 3 मीटर से कम की नहीं होगी तथा उन्हें प्रतिदिन 2 से 4 घंटे तक व्यायाम/खुले में चलने के लिए छोड़ा जायेगा।

4. **स्वतंत्र गतिविधि** – पशुओं को रखने के स्थान को स्वतंत्र गतिविधियों के लिए उपयुक्त रखा जायेगा। (उदाहरण के लिए गलियारा इतना चौड़ा होना चाहिए ताकि दो गाएं आसानी से बिना किसी बाधा के वहां से निकल सकें।)

5. **फर्श** –

(क) फर्श आराम से बैठने, खड़े रहने, संकर्षण तथा ज़मीन पर पृथक्करण के योग्य होगा।

(ख) बैठने के स्थान पर बिछावन की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

(ग) फर्श पूरी तरह सपाट, फिसलनभरा, कठोर अथवा अधिक खुरदुरा नहीं रखा जायेगा तथा कम से कम गीला रखा जायेगा।

6. **पशुपालन प्रबन्धन (हसबैण्डरी)** – पशुओं को कम तनाव के तरीकों से हांका जाय, जिसमें छड़ी के प्रयोग की बजाए उन्हें थपथपाया जाय। बिजली के अंकुश का प्रयोग नहीं किया जायेगा।

7. **अंगभंग (म्युटिलेशन)** – अंगभग की प्रक्रिया कम से कम होनी चाहिए। यदि दागना, नाक में छल्ला डालना, पूंछ काटना अथवा विशृंगीकरण (dehorning) अथवा समस्यावश पशु की सींग निकालना अथवा बधिया करना आवश्यक हो तो वह पशु के यौवनावस्था (संकर नस्लवाले पशुओं हेतु लगभग 6 महीने की आयु में तथा भरतीय नस्ल के पशुओं हेतु 18 महीने की आयु) में ही अर्ह पशु चिकित्सक के माध्यम से यह प्रक्रियाऐं पूर्ण करायी जाये। इस क्रिया में पशुचिकित्सक द्वारा उचित मात्रा में उपशामक (Tranquillizers), स्थानीय निश्चेतक (Local Anaesthetics) तथा दर्दनिवारक (Analgesics) औषधियों का उपयोग करते हुए पशुओं अनावश्यक पीड़ा से बचाया जायेगा।

8. **दूध दुहना** –

(क) दूध निकालते समय पूरा ध्यान रखा जायेगा कि डेयरी पशु को अनावश्यक कष्ट न पहुंचे तथा उसके थनों एवं दुग्ध को किसी प्रकार के संक्रमण अथवा क्षति से बचाया जाये।

(ख) थनों को अनावश्यक पीडा एवं क्षति से बचाये जाने हेतु दूध दुहने में "अंगूठे से दुग्ध दोहन विधि (Knuckling Method)" के स्थान पर "पूरे हाथ से दुग्ध दोहन विधि (Full Hand Method)" का प्रयोग किया जायेगा।

9. **बाहरी हार्मोन्स का प्रयोग** –

(क) दूध निकाले जाने हेतु ऑक्सीटोसिन हार्मोन अथवा कोई भी अन्य रसायन का प्रयोग निषिद्ध होगा। ऑक्सीटोसिन हार्मोन का उपयोग अवैध तथा दण्डनीय अपराध है।

(ख) चिकित्सकीय प्रयोजन हेतु अर्ह पशु चिकित्सक के लिखित नुस्खे के अंतर्गत ही हॉर्मोन का प्रयोग विधिमान्य है।

10. **आहार** – डेयरी पशुओं को उनकी शारीरिक आवश्यकता के अनुरुप पर्याप्त मात्रा में संतुलित एवं पौष्टिक भोजन दिया जायेगा। भोजन में उचित अनुपात में प्रोटीन्स, कार्बोहाइड्रेट्स, फैट्स, विटामिन्स, मिनरल्स, तथा रेशे की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। आहार में अचानक परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

11. **पेयजल व्यवस्था** – डेयरी पशुओं को भरपूर मात्रा में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु उनकी मांद में पर्याप्त स्थान रखा जायेगा।

12. **देखभाल करने वाले कर्मचारी** – पशुओं की देखभाल करने हेतु पर्याप्त संख्या में ऐसे निपुण श्रमिकों को योजित किया जाय जो कि डेयरी पशुओं का भली प्रकार ध्यान रख पाने में समर्थ हों तथा पशु समूह को तनाव तथा भय मुक्त रखने में अभ्यस्त हों।

II– स्वास्थ्य की देखभाल

13. **पशु चिकित्सक** – व्यावसायिक डेयरी परिसर द्वारा पशुओं के स्वास्थ्य की जांच, गर्भावस्था निदान, टीकाकरण, कृमिनाशक दवापान (Deworming), बाह्यपरजीवीनाशी दवाओं, प्रतिरक्षण, महामारी रोकथाम, रोगनिदान तथा अन्य चिकित्सकीय प्रयोजन हेतु नियमित रुप से अर्ह पशु चिकित्सक से सेवायें सुनिश्चित की जायेंगी। पशुओं में महामारी फैलने की प्रभावी रोकथाम हेतु पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड की नीतियों के अनुरुप टीकाकरण कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

14. **डेयरी पशुओं का दैनिक निरीक्षण** – डेयरी स्वामी द्वारा पशुओं के समूह का प्रतिदिन, किसी प्रकार की बीमारी, चोट, लंगडाहट, खड़े रह पाने में परिवर्तन, चाल में परिवर्तन, भूख–प्यास में कमी, गोबर अथवा मूत्र में परिवर्तन, दूध में रक्त अथवा अन्य श्राव, खुरों की अनियमित वृद्धि, पेट फूलना, नथुनों का सूखना, घुटन अथवा जीभ बाहर निकालना, जुगाली न करना, नाक अथवा कान से श्राव, मुंह से झाग निकलना अथवा आवाज में परिवर्तन अथवा दुबलापन या मोटापे जैसे लक्षणों का उचित प्रकार से निरीक्षण करते हुए यथासमय पशु चिकित्सक द्वारा उपचार कराया जायेगा।

15. **कान की टैगिंग** –पशुपालन विभाग के सहयोग से शहर के सभी मवेशियों की पहचान, स्वास्थ्य की स्थिति, टीकाकरण एवं अन्य सूचनाओं का संदर्भ रखे जाने हेतु कान पर अनिवार्य टैगिंग

(अथवा अन्य उन्नत तकनीक युक्त पहचान चिन्ह) आवश्यक होगी।

16. **बीमार पशु** –बीमार पशुओं के आहार, पेयजल, तथा दूध दुहने की पृथक से व्यवस्था बनाते हुए अन्य स्वस्थ पशुओं से अलग रखा जायेगा।

17. **लेखाजोखा (रिकॉर्ड) रखना**– व्यावसायिक डेयरी प्रतिष्ठान को अनुज्ञापत्र प्राप्त करने के बाद, प्रतिष्ठान द्वारा निम्न प्रपत्रों युक्त पंजिका में अभिलेखों का लेखाजोखा रखा जायेगा :–

(क) डेयरी परिसर में रखे गये सभी पशुओं का विवरण।

(ख) पशुओं का पशुचिकित्सा स्वास्थ्य का विवरण।

(ग) पशुओं के टीकाकरण/टॉक्साइड/सर्पदंश एण्टीवैनम का विवरण।

(घ) कृमिरोधी दवापान का विवरण।

(ङ) पशुओं का गर्भाधान/नस्ल का विवरण।

(च) पशुओं के क्रय–विक्रय का विवरण।

18. **नस्ल का चुनाव**– स्थानीय कृषि जलवायु परिस्थिति के साथ सामंजस्य वाली, मौसम के अनुकूल, परजीवियों तथा बीमारियों के प्रति प्रतिरोधी तथा दीर्घायु वाली नस्ल के डेयरी पशुओं का चुनाव किया जाय। बहुधा अवांछित नर बछड़ों के परित्याग कर दिये जाने की अवैध परम्परा के निवारण हेतु यथासम्भव लिंग निर्धारित वीर्य के माध्यम से ही गर्भाधान कराया जाय एवं प्रजनन के अनुसार करना चाहिए तथा उन्हें स्वस्थ रखना चाहिए। इसके लिए गर्भाधान के 3 माह बाद ही, अर्ह पशु चिकित्सक द्वारा गर्भावस्था का परीक्षण कराया जाये।

19. **स्तन्य त्याग (वीनिंग)** – कम से कम तीन महीने तक नवजात शिशु पशुओं को उनकी मां के साथ रखते हुए धीरे–धीरे स्तन त्याग किया जायेगा।

20. **नवदुग्ध (कॉलोस्ट्रम)** – जन्म के तुरंत बाद माता द्वारा अपने बछड़े को चाटने का समुचित अवसर प्रदान करते हुए बछड़े को जन्म के 1–2 घंटे के भीतर ही नवदुग्ध दिया जाये। यदि बछड़े की मां की मृत्यु हो गयी हो या उसका नवदुग्ध अल्प मात्रा में हो रहा हो तो बछड़े को अन्य माता द्वारा या कृत्रिम रूप से नवदुग्ध दिया जाय।

21. **बछड़ों को रखना** – बछड़ों को स्वच्छ तथा सूखी जगह बिछावन

पर उनकी मां के साथ रखा जाय। यदि उन्हें उनकी माताओं से अलग किया जाता है तो उन्हें अन्य पशुओं के आसपास रखना चाहिए, अधिमानतः जोड़े में।

22. **लिंग निर्धारित वीर्य द्वारा कृत्रिम गर्भाधान (Artificial Insemination by Sex Sorted Semen)**- डेयरी स्वामियों द्वारा नर गोवंश के बछड़ों के परित्याग की कुरीति पर प्रभावी रोक लगाये जाने हेतु नगर क्षेत्र के डेयरी स्वामी द्वारा मादा गोवंशीय पशुओं को अनिवार्य रुप से लिंग निर्धारित वीर्य द्वारा कृत्रिम गर्भाधान तकनीक से गर्भाधान कराया जायेगा।

III– अलाभकर पशु

23. **मानवोचित वैधानिक व्यवस्था –**

(क) प्रत्येक व्यावसायिक डेयरी परिसर के स्वामी द्वारा अलाभकारी अनुत्पादक पशुओं के लिए एक मानवोचित वैधानिक व्यवस्था के अनुरुप इन्हें स्थानीय अशासकीय पशु कल्याण संस्थाओं/ गोसदनों/ पशु शरणालयों के सहयोग एवं समन्वयन से निस्तारित किया जाय। नगर निकायों द्वारा इन गौशाला शरणालयों/कांजी हाउस का संचालन स्वयं के संसाधनों से अथवा शुल्क निरोपित कर अथवा अर्थदण्ड से अर्जित आय के माध्यम से अथवा जनसहयोग के माध्यम से अथवा गैर सरकारी पशु कल्याण संस्थाओं के माध्यम से अथवा अन्य रीतियों से किया जाना अपेक्षित है।

(ख) डेयरी पशु स्वामी अथवा व्यावसायिक डेयरी पशु स्वामी द्वारा किसी भी डेयरी पशुओं को त्यागना अथवा आवारा छोड़ना अवैध तथा दण्डनीय अपराध है। इस क्रम में दोषी पाये जाने पर, नगर आयुक्त द्वारा, दोषी पर परिशिष्ट–01 के अनुरुप, शमन के माध्यम से निर्धारित अर्थदण्ड आरोपित कर अर्थदण्ड की वसूली की जा सकेगी।

(ग) किसी भी पशु को जान से मारना, शिशु पशुओं को भूखा रख कर जान से मारना या त्यागना या धूप में बांध कर प्यासा मारना अवैध तथा दण्डनीय अपराध है।

24. **अपशिष्ट प्रबन्धन** – प्रत्येक व्यावसायिक डेयरी परिसर के स्वामी द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि, गोबर, बिछावन, भूसा तथा गोमूत्र का निस्तारण न तो नालियों में किया जायेगा, न ही इसे नहरों, नदियों, तालाबों प्राकृतिक जलस्रोतों में निस्तारित किया जायेगा और न ही इसे जलाया जायेगा। अपितु इस कार्य हेतु पृथक से व्यवस्था बनाते हुए इसे जैविक खाद तैयार किये जाने हेतु ही निस्तारित किया जायेगा।

25. **स्वच्छता एवं दुर्गन्ध प्रबन्धन** – प्रत्येक व्यावसायिक डेयरी परिसर के स्वामी द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि, परिसर पूर्णतः स्वच्छ एवं दुर्गन्धविहीन रहे। चूहों, मक्खियों एवं मच्छरों के नियंत्रण हेतु नियमित रुप से प्रयास किये जायेंगे।

26. **नर बछड़ों का बन्ध्याकरण** – नगर क्षेत्र के डेयरी स्वामी द्वारा अनिवार्य रुप से 4 माह से अधिक आयुवर्ग वाले नर बछड़ों का बन्ध्याकरण कराया जायेगा।

नगर निगम के प्रतिनिधि पशु चिकित्सक	जिला एस0पी0सी0ए0 के प्रतिनिधि*
हस्ताक्षर :	हस्ताक्षर :
नाम :	नाम :
पदनाम :	पदनाम :
दिनांक :	दिनांक :
स्थान :	स्थान :

* **जिला एस0पी0सी0ए0** : मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुरुप, पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम, 1960 के अधीन प्राख्यापित एस0पी0सी0ए0 नियम, 2001 के अधीन, प्रत्येक जिले के जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला एस0पी0सी0ए0 का गठन किया गया है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला एस0पी0सी0ए0 के पदेन उपाध्यक्ष के रुप में, नगर आयुक्त द्वारा पदेन सदस्य के रुप में, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा पदेन सदस्य सचिव के रुप में तथा अन्य सभी सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों द्वारा जिला एस0पी0सी0ए0 के पदेन सदस्य के रुप में दायित्वों का निर्वहन किया जाना अपेक्षित है।

प्ररुप '3'

व्यावसायिक डेयरी परिसर हेतु अनुज्ञा–पत्र

उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा इस व्यावसायिक डेयरी परिसर के संचालन हेतु सहमति (consent to operate) दे दिये जाने के उपरान्त, उत्तराखण्ड व्यावसायिक डेयरी परिसर अनुज्ञाकरण नियमावली, 2024 के नियम–4 के प्रावधानों के अनुरुप श्री ..... पुत्र श्री ..... आयु .....निवासी ..... डाकघर ..... पुलिस थाना .... जिला ..... के स्वामित्वाधीन व्यावसायिक डेयरी परिसर के संचालन हेतु निम्न प्रतिबन्धों के अनुरुप अनुज्ञा दी जाती है :–

1– व्यावसायिक डेयरी परिसर स्थान ..... पर अवस्थित है।
2– व्यावसायिक डेयरी परिसर में अधिकतम ..... वयस्क डेयरी पशुओं को रखा जाना अनुमन्य है।
3– आवेदक डेयरी परिसर स्वामी उत्तराखण्ड डेयरी परिसर अनुज्ञाकरण नियमावली, 2024 एवं नगर निगम अधिनियम के प्राविधानों का अनुपालन किये जाने हेतु बाध्य होगा।
4– आवेदक डेयरी परिसरस्वामी द्वारा डेयरी परिसर में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के प्रावधानों का अनुपालन किये जाने हेतु बाध्य होगा।
5– डेयरी परिसर में पंजीकृत एवं अर्ह पशु चिकित्सक के लिखित चिकित्सकीय परामर्श के अतिरिक्त, किसी भी दशा में दुग्ध दोहन हेतु ऑक्सीटोसिन हॉर्मोन का प्रयोग नहीं किया जायेगा।
6– डेयरी परिसर अन्तर्गत प्रमुख दीवार पर अनुज्ञापत्र प्रदर्शित किया जायेगा।
7– यह अनुज्ञा–पत्र अहस्तान्तरणीय (non-transferable) है।
8– यह अनुज्ञा–पत्र पाँच वर्षो हेतु दिनांक ..... तक मान्य है। अनुज्ञा–पत्र के नवीनीकरण हेतु मान्यता समाप्ति की तिथि से एक माह पूर्व आवेदन किया जाये।
9– पशुस्वामी द्वारा व्यावसायिक डेयरी परिसर के संचालन हेतु केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मार्गदर्शिका का अनिवार्य रुप से अनुपालन किया जायेगा।

नगर निगम पशु चिकित्साविद् के हस्ताक्षर :

नाम :
कार्यालय मुहर :
दिनांक :

नगर आयुक्त के हस्ताक्षर :

नाम :
कार्यालय मुहर :
दिनांक :

प्ररुप '4'

डेयरी परिसर द्वारा 'उत्तराखण्ड व्यावसायिक डेयरी परिसर अनुज्ञाकरण नियमावली, 2024' के प्रावधानों के उल्लंघन की दशा में पंचनामा/चालान नोटिस निर्गत किये जाने हेतु प्रपत्र

आप श्री ..... पुत्र श्री ..... निवासी ..... डाकघर ..... पुलिस थाना ..... जिला ..... को अवगत कराया जाना है कि, दिनांक ..... को आपके द्वारा स्थान ..... पर संचालित व्यावसायिक डेयरी परिसर को उत्तराखण्ड व्यावसायिक डेयरी परिसर अनुज्ञाकरण नियमावली, 2024 के नियम ..... एवं उत्तरप्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 438/ 440/ 447/ 451(3)/ 467 के प्रावधानों के उल्लंघन हेतु दोषी पाया गया है। अतः अपेक्षित है कि, दिनांक ..... को नगर निगम कार्यालय में उपस्थित होकर, अर्थदण्ड भुगतान की रसीद प्राप्त करने का कष्ट करें।

नगर आयुक्त के हस्ताक्षर :

नाम :

कार्यालय मुहर :

दिनांक :

*** पंचनामा/चालान नोटिस की प्रति प्राप्त की।**

(डेयरी परिसर स्वामी के हस्ताक्षर)

* पंचनामा/चालान नोटिस की प्रति प्राप्त करने हेतु डेयरी परिसर स्वामी की अनुपलब्धता की स्थिति में पंजीकृत डाक द्वारा पंचनामा चालान नोटिस की प्रति प्रेषित कर दी जाय।

** पंचनामा/चालान नोटिस की प्राप्ति के उपरान्त शमन की कार्यवाही में असहयोग किये जाने की स्थिति में मा0 न्यायलय अन्तर्गत परिवाद योजित किये जाने पर, पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा–3, 11(1), 29, 35 एवं 38 तथा उत्तराखण्ड गौ वंश संरक्षण अधिनियम, 2007 के प्रावधानों के अधीन पशु स्वामी को पशु स्वामित्व अधिकारों से वंचित करते हुए पशु को सरकार के पक्ष में स्थायी रुप से समपहरण की कार्यवाही की जा सकती है।

प्ररुप '5'

डेयरी परिसर द्वारा 'उत्तराखण्ड व्यावसायिक डेयरी परिसर अनुज्ञाकरण नियमावली, 2024' के प्रावधानों का उल्लंघन की दशा में शमन (compounding) की कार्यवाही हेतु प्रपत्र

सेवामें,

नगर आयुक्त,
नगर निगम .....।

महोदय,

निवेदन है कि, आपके कार्यालय द्वारा निर्गत पंचनामा/चालान नोटिस संख्या ..... दिनांक ..... के अनुसार अधोहस्ताक्षरी को उत्तराखण्ड व्यावसायिक डेयरी परिसर अनुज्ञाकरण नियमावली, 2024 के नियम ..... एवं उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 438/ 440/ 447/ 451(3)/ 467 के प्राविधानों के उल्लंघन हेतु दोषी पाया गया है। मैं भविष्य में पुनः इसकी पुनरावृति न करने हेतु वचनबद्ध हूँ।

अतः अनुरोध है कि, कृपया उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 की धारा–..... के आलोक में उक्त दोष के शमन की कार्यवाही हेतु स्वीकृति देते हुए, अधोहस्ताक्षरी को रु0...../– (नगर निगम बोर्ड द्वारा यथा निर्धारित अर्थदण्ड शुल्क) की प्राप्ति रसीद उपलब्ध कराने की कृपा करेंगे।

अभियुक्त डेयरी परिसर स्वामी के हस्ताक्षर :

अभियुक्त डेयरी परिस रस्वामी का नाम :

अभियुक्त डेयरी परिसर स्वामी का पता :

शमन द्वारा प्राप्त अर्थदण्ड की प्राप्ति रसीद निर्गत की जाती है।

नगर आयुक्त के हस्ताक्षर :

नाम :

कार्यालय मुहर :

दिनांक :

प्ररुप '6'

अनुज्ञाप्रदत्त डेयरी परिसर द्वारा अपेक्षित अभिलेखों हेतु प्रपत्र*

(क) पशुओं का रिकॉर्ड :

क्र0	प्रजाति	लिंग	टैग न0	नस्ल	रंग एवं आयु	पहचान चिन्ह

(ख) पशुओं का स्वास्थ्य रिकॉर्ड :

दिनांक	पशु टैग न0 एवं पहचान	लक्षण एवं संक्षिप्त केस इतिहास	निदान	उपचार	परिणाम– सफल उपचार/ मृत्यु	पशु चिकित्सक के हस्ताक्षर एवं मुहर

(ग) पशुओं का टीकाकरण/ टॉक्साइड/ वेनम रिकॉर्ड :

दिनांक	पशु टैग न0 एवं पहचान	वैक्सीन/ टॉक्साइड/ वेनम का नाम	उत्पादक द्वारा बैचनं0 एवं एक्सपायरी तिथि का स्टिकर	अगली खुराक हेतु दिनांक	पशु चिकित्सक के हस्ताक्षर एवं मुहर

(घ) पशुओं का कृमिरोधी दवापान रिकॉर्ड :

दिनांक	पशु टैग न0 एवं पहचान	कृमिरोधी औषधि का नाम	उत्पादक द्वारा बैचनं0 एवं एक्सपायरी तिथि का स्टिकर	अगली खुराक हेतु दिनांक	पशु चिकित्सक के हस्ताक्षर एवं मुहर

(ङ) गर्भाधान रिकॉर्ड :

दिनांक	पशु टैग न0 एवं पहचान	गर्भाधान का प्रकार (प्राकृतिक/ कृत्रिम वीर्यरोपण/ लिंग आधारित वीर्य) एवं दिनांक	गर्भाधान हेतु उपयोग में लाये गये नर पशु का विवरण	गर्भ परीक्षण की दिनांक/ परिणाम	पशु के हीट में आने की तिथि	पशु चिकित्सक के हस्ताक्षर एवं मुहर

(च) पशुओं का क्रय–विक्रय रिकॉर्ड अभिलेख :

1. पशुओं का विक्रय रिकॉर्ड अभिलेख

पशु क्रेता का विवरण		पशु का विवरण		बछड़े (शिशु पशु) का विवरण	
नाम		प्रजाति		प्रजाति	
पिता का नाम		टैग नं0		टैग नं0	
ग्राम		नस्ल		नस्ल	
डाकघर		लिंग		लिंग	
विकासखण्ड		ब्यांत		आयु	
तहसील		आयु		रंग	
जिला		रंग		सींग	
राज्य		सींग		पूंछ	
पशु–क्रेता का अंगूठा निशानी / हस्ताक्षर		पूंछ		(अन्य पहचान चिन्ह)	
		(अन्य पहचान चिन्ह)			
		(गर्भावस्था की स्थिति)			

2. पशुओं का क्रय रिकॉर्ड :

पशु विक्रेता का विवरण		पशु का विवरण		शिशु पशु का विवरण	
नाम		प्रजाति		प्रजाति	
पिता का नाम		टैग नं0		टैग नं0	
ग्राम		नस्ल		नस्ल	
डाकघर		लिंग		लिंग	
विकासखण्ड		ब्यांत		आयु	
तहसील		आयु		रंग	
जिला		रंग		सींग	
राज्य		सींग		पूंछ	
पशु विक्रेता का अंगूठा निशानी / हस्ताक्षर		पूंछ		(अन्य पहचान चिन्ह)	
		(अन्य पहचान चिन्ह)			
		(गर्भावस्था की स्थिति)			

* व्यावसायिक डेयरी परिसर को अनुज्ञा–पत्र निर्गत करते समय उपरोक्त प्रारूपों युक्त पंजिका सम्बन्धित व्यवसायिक डेयरी स्वामी को उपलब्ध कराया जाय।

परिशिष्ट–1

नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत डेयरी पशुओं के व्यावसायिक डेयरी परिसर अनुज्ञाकरण हेतु विभिन्न प्रकार के शुल्क/अर्थदण्ड की प्रस्तावित दरें

मद/विवरण	दर प्रति पशु
व्यावसायिक डेयरी परिसर पंजीकरण शुल्क (पाँच वर्षो हेतु)	रु० 1,000/–
व्यावसायिक डेयरी परिसर पुनर्नवीनीकरण शुल्क (पाँच वर्षो हेतु)	रु० 1,000/–
अपशिष्ट निस्तारण शुल्क (प्रति माह 10 पशुओं हेतु)	रु० 4,000/–
शव निस्तारण शुल्क (प्रति पशु)	रु० 1,000/–
व्यावसायिक डेयरी परिसर का पंजीकरण न कराये जाने हेतु प्रति पशु अर्थदण्ड	रु० 200/–
पंजीकरण न कराये जाने हेतु नोटिस के उपरान्त प्रति पशु/प्रति माह अर्थदण्ड	रु० 200/–
नियमावली के उल्लंघन की दशा में अर्थदण्ड	रु० 2,000/–
नालियों में गोबर बहाने हेतु अर्थदण्ड	रु० 500/–
डेयरी पशु को आवारा छोड़े जाने की दशा में प्रति पशु अर्थदण्ड	रु० 2,000/–
डेयरी पशु को आवारा छोड़े जाने की दशा में प्रति पशु/प्रति दिन अर्थदण्ड (दूसरे दिन से)	रु० 50/–

परिशिष्ट–2 : न्यूनतम अपेक्षित फर्श स्थान

(BIS : 1223-1987

पशु की किस्म	*न्यूनतम वांछित फर्श स्थान प्रति पशु (वर्ग मीटर में)	
	ढका हुआ क्षेत्र	खुला क्षेत्र
शिशु बछड़ा	1.0	2.0
बड़ा बछड़ा	2.0	4.0
युवा गाय/बैल	2.0	4.0–5.0
वयस्क भैंसें	4.0	8.0
वयस्क गायें	3.5	7.0
गर्भवती गायें	12.0	20–25
सांड	12.0	120.0
बैल	3.5	7.0

परिशिष्ट–3

(अनुलग्नक–क सी0पी0सी0बी0 दिशा निर्देश)

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में डेयरियों और गौशालाओं के लिए सूची प्रपत्र

क्र0 सं0	विवरण	शहरी क्षेत्र	परि–शहरी क्षेत्र	ग्रामीण क्षेत्र
1.	डेयरियों की कुल संख्या			
	• श्रेणी–I (25 पशुओं तक)	•	•	•
	• श्रेणी–II (26 से 50 पशुओं तक)	•	•	•
	• श्रेणी–III (51 से 75 पशुओं तक)	•	•	•
	• श्रेणी–IV (76 से 100 पशुओं तक)	•	•	•
	• श्रेणी–V (100 से अधिक पशु)	•	•	•
	• कुल	•	•	•
2.	पशुओं की कुल संख्या			
	• श्रेणी–I की डेयरियॉ	•	•	•
	• श्रेणी–II की डेयरियॉ	•	•	•
	• श्रेणी–III की डेयरियॉ	•	•	•
	• श्रेणी–IV की डेयरियॉ	•	•	•
	• श्रेणी–V की डेयरियॉ	•	•	•
	• कुल	•	•	•
3.	गाय/भैंस द्वारा उत्पादित गोबर की कुल मात्रा (टन प्रति दिन)			
	• श्रेणी–I की डेयरियॉ	•	•	•
	• श्रेणी–II की डेयरियॉ	•	•	•
	• श्रेणी–III की डेयरियॉ	•	•	•
	• श्रेणी–IV की डेयरियॉ	•	•	•
	• श्रेणी–V की डेयरियॉ	•	•	•
	• कुल	•	•	•
4.	डेयरियों द्वारा मवेशियों के गोबर और अपशिष्ट जल के निपटान/उपयोग के तरीके (संलग्न करें)			
5.	डेयरी कॉलोनियों/क्लस्टर की कुल संख्या (ऐसी डेयरी कॉलोनियों/क्लस्टर की सूची, डेयरियों की संख्या, मवेशियों की संख्या, मवेशियों के गोबर और अपशिष्ट जल के निपटान/उपयोग की विधि आदि का विवरण संलग्न किया जाये)	•	•	•

6.	गौशालाओं की कुल संख्या			
	• श्रेणी–I (25 पशुओं तक)	•	•	•
	• श्रेणी–II (26 से 50 पशुओं तक)	•	•	•
	• श्रेणी–III (51 से 75 पशुओं तक)	•	•	•
	• श्रेणी–IV (76 से 100 पशुओं तक)	•	•	•
	• श्रेणी–V (100 से अधिक पशु)	•	•	•
	• कुल	•	•	•
7.	पशुओं की कुल संख्या			
	• श्रेणी–I की गौशाला	•	•	•
	• श्रेणी–II की गौशाला	•	•	•
	• श्रेणी–III की गौशाला	•	•	•
	• श्रेणी–IV की गौशाला	•	•	•
	• श्रेणी–V की गौशाला	•	•	•
	• कुल	•	•	•
8.	गाय द्वारा उत्पादित गोबर की कुल मात्रा (टन प्रति दिन)			
	• श्रेणी–I की गौशाला	•	•	•
	• श्रेणी–II की गौशाला	•	•	•
	• श्रेणी–III की गौशाला	•	•	•
	• श्रेणी–IV की गौशाला	•	•	•
	• श्रेणी–V की गौशाला	•	•	•
	• कुल	•	•	•
9.	गौशालाओं द्वारा मवेशियों के गोबर और अपशिष्ट जल के निपटान/उपयोग के तरीके (संलग्न करें)			

टिप्पणी:

शहरी क्षेत्र: भारत की जनगणना 2011 के अनुसार शहरी क्षेत्र को निम्न प्रकार परिभाषित किया गया है:

i– सभी स्थान जहॉ नगर पालिका, निगम, छावनी बोर्ड या अधिसूचित नगर क्षेत्र समिति आदि हैं।

ii– अन्य सभी स्थान जो निम्नलिखित मानदण्डों को पूरा करते हैं:

क– न्यूनतम 5000 की आबादी;

ख– कम से कम 75 प्रतिशत पुरूष मुख्य कार्यशील आबादी गैर–कृषि कार्यों में लगी हुई है; और

ग– कम से कम 400 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर की आबादी का घनत्व।

परि–शहरी क्षेत्र: यह शहरी क्षेत्र की परिधि पर स्थित एक क्षेत्र या बस्ती है जिस पर शहरीकरण का आंशिक या पूर्ण प्रभाव होता है। यह एक निश्चित समयावधि में नाटकीय परिवर्तनों से गुजरता है।

******

In pursuance of the provision of clause (3) of article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following translation of notification no. ....1686.....dated....27.....2024 for general information.

Government of Uttarakhand
Urban Development Section-2
No.1686 /IV(2)-U.D.-2024-19(G)18
Dehradun: Dated 27 September, 2024

Notification

In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 540 read with section 453 of the Uttar Pradesh Municipal Corporation Act, 1959, the Governor proposes to make the following certain draft rules which is hereby published, as required by sub-section (2) of section 540 of the said Act, for the information of all persons likely to be affected thereby and notice is hereby given that the draft rules shall be taken into for consideration after the expiry of a period of 30 days from the date on which the copies of this notification as published in the Official Gazette are made available to the public.

Objections and suggestions, if any, to these draft rules may be sent to the Secretary, Urban Development Department, Government of Uttarakhand, Subhash Road, Dehradun, Uttarakhand.

Any objections or suggestions received from any person regarding the said draft rules before the expiry of the specified period will be considered by the State Government.

DRAFT RULES

Short Title, Extent and Commencement

1. (1) These rules may be called the **"Uttarakhand Commercial Dairy Premises Licensing Rules, 2024"**.
(2) It shall extend to all the municipal corporation areas of the entire Uttarakhand state.
(3) It shall come into force at once.

Definition

2. Unless the context otherwise requires, in these rules-

(a) **"dairy cattle"** means milch animals including cow, bullock, heifer, buffalo, bull and their male & female calves.

(b) **"uneconomic animal"** means unproductive, old, sick and injured, homeless cow progeny and the case property cow progeny seized by the police administration / municipal bodies from the cattle smugglers or cases of animal cruelty.

(c) **"commercial dairy premises"** means such premises, where more than 10 dairy animals are kept to earn profit for commercial purposes.

(d) **"Veterinary Doctor"** means a graduate degree holder in Veterinary Science from a college recognized by the Veterinary Council of India and registered veterinary doctor under the Uttarakhand State Veterinary Council.

